FD-2153

B.A. (Part-II) Examination, 2022

HINDI LITERATURE

Paper - I

अर्वाचिन हिन्दी काव्य

Time : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

नोट : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्नों के अंक उनके दाहिनी ओर अंकित हैं। अनर्गल लेखन पर अंक काटे जाएंगे।

1. निम्नलिखित काव्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 7×3

(क) सबकी नसों में पूर्वजों का पुण्य रक्त–प्रवाह हो,
गुण, शील, साहस, बल तथा सब में भरा उत्साह हो।
सबके हृदय में सर्वदा समवेदना की दाह हो,
हमको तुम्हारी चाह हो, तुमको हमारी चाह हो॥

अथवा

कोई न छायादार
पेड़ वह जिसके तले बैठी हुई स्वीकार,
श्याम तन, भर बँधा यौवन,
नत नयन, प्रिय-कर्म-रत मन,
गुरू हथौड़ा हाथ,
करती बार-बार प्रहार :-
सामने तरू मालिका, अट्टालिका, प्राकार।

(ख) दैन्य जड़ित अपलक नत चितवन
अधरों में चिर नीरव रोदन,
युग-युग के तम से विषण्ण मन
वह अपने घर में
प्रवासिनी!

अथवा

बड़े रस्ते, बड़े पुल, बाँद, क्या कहने!
बड़े ही कारखानें हैं, इमारत हैं,
जरा पोछूँ, इन्हें आँसू उभर आये
बड़ापन यह न छोटों की इबादत है।

(ग) सब से उधार माँगा, सबने दिया।

यों मैं जिया और जीता हूँ

क्योंकि यही सब तो है जीवन –

गरमाई, मिठास, हरियाली, उजाला,

गन्धवाही मुक्त खुलापन,

लोच, उल्लास, लहरिल प्रवाह

और बोध भव्य

निर्व्यास निस्सीम का :

ये सब उधार पाये हुए द्रव्य।

अथवा

घर

हैं कहाँ जिनकी हम बातें करते हैं।

घर की बातें

सबकी अपनी हैं

घर की बातें

कोई किसी से नहीं करता

जिनकी बातें होती हैं

वे घर नहीं हैं।

2. मैथिलीशरण गुप्त की पठित कविता के आधार पर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

सिद्ध कीजिए कि निराला 'बहुवस्तुस्पर्शिनी प्रतिभा' के कवि हैं।

3. सुमित्रानंदन पंत की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 12

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी की कविताओं में निहित राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 15

(*i*) 'प्रिय-प्रवास' का महत्व

(*ii*) सुभद्रा कुमारी चौहान का रचना संसार

(*iii*) श्रीकांत वर्मा की कविता में स्वातंत्र्योत्तर यथार्थ

(*iv*) पंत के काव्य में प्रगतिशील चेतना

(*v*) अज्ञेय के काव्य में आधुनिकता बोध

(*vi*) छायावादी काव्य भाषा

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पन्द्रह** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) 'भारत भारती' किस कवि की रचना है?

(*ii*) 'सरोज स्मृति' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*iii*) खड़ी बोली के प्रथम महाकाव्य का नाम लिखिए।

(*iv*) 'प्रतीक' के संपादक कौन थे?

(*v*) निराला का जन्म कहाँ हुआ था?

(*vi*) 'ताज' शीर्षक कविता के कवि का नाम लिखिए।

(*vii*) 'एक भारतीय आत्मा' किस कवि को कहा जाता है?

(*viii*) 'तारसप्तक' का संपादन किसने किया?

(*ix*) 'चुभते चौपदे' और 'चोखे चौपदे' किस कवि का काव्य संग्रह है?

(*x*) 'झांसी की रानी' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(*xi*) श्रीकांत वर्मा के किसी एक काव्य संग्रह का नाम लिखिए।

(*xii*) 'कुकुरमुत्ता' किस कवि का काव्य संग्रह है ?

(*xiii*) 'पल्लव' किस कवि का काव्य संग्रह है ?

(*xiv*) 'अनामिका' किसका काव्य संग्रह है ?

(*xv*) हिन्दी के किस कवि नें मुक्त छन्द की कविता को लोकप्रिय बनाया ?

(*xvi*) 'बलि पंथी से' कविता की रचना किसने की ?

(*xvii*) 'कितनी नावों में कितनी बार' किसका काव्य संग्रह है ?

(*xviii*) 'बार-बार आती है मुझको/मधुर याद बचपन तेरी' किसकी कविता है ?

(*xix*) 'जलसा घर' काव्य संग्रह के कवि का नाम लिखिए।

(*xx*) सुमित्रानंदन पंत मार्क्सवाद के अलावा किस वैचारिक दर्शन से प्रभावित थे?